राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
मो॰–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल सचिवालय में कुलसचिवों की बैठक आयोजित हुई

पटना, 24 अगस्त 2018

आज राजभवन में राज्य के सभी विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों की पूर्व निर्धारित बैठक आयोजित की गई, जिसमें राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री विवेक कुमार सिंह, विशेष कार्य पदाधिकारी (न्यायिक) श्री फूलचंद चौधरी, अपर सचिव श्री विजय कुमार, सहित राज्यपाल सचिवालय के कई वरीय अधिकारियों ने भी भाग लिया।

बैठक को संबोधित करते हुए राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री विवेक कुमार सिंह ने कहा कि नवनियुक्त कुलसचिवों को विश्वविद्यालयों की गतिविधियों में सुधार तथा कार्य–निष्पादन में गति लाने के लिए हर संभव प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों समुचित प्रशिक्षण प्रदान करते हुए कुलसचिवों को उनके कर्त्तव्यों एवं उत्तरदायित्वों के बारे में भली–भाँति अवगत कराया जा चुका है और अब समय आ गया है कि वे अपनी पूरी कार्य–क्षमता का उपयोग करते हुए सुधार–प्रयासों के सार्थक परिणाम सामने लाएँ।

प्रधान सचिव ने कहा कि 'बी॰एड॰ पोस्ट एप्स' तथा 'ऑनलाईन कॉलेज रिपोर्टिंग' के सफल कार्यान्वयन हेतु संबंधित नोडल पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिए जा चुके हैं। इन दोनों तकनीकी रिपोर्टिंग–व्यवस्थाओं के सफल कार्यान्वयन हेतु अनिवार्यतः कार्रवाई की जानी है। प्रधान सचिव ने कहा कि इन व्यवस्थाओं का अनुपालन नहीं करनेवाले बी॰एड॰ कॉलेजों की सम्बद्धता (Affliation) समाप्त करने की दिशा में भी आवश्यकतानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि 'बी॰एड॰ पोस्ट एप्स' और 'ऑनलाइन रिपोर्टिंग' नहीं करनेवाले कॉलेजों का निरीक्षण करते हुए विधिसम्मत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

प्रधान सचिव ने कहा कि वैसे 5 विश्वविद्यालयों, जहाँ सत्र काफी पीछे चल रहे हैं, वहाँ परीक्षाओं के आयोजन का कैलेण्डर अविलम्ब निर्धारित करते हुए तदनुरूप परीक्षाएँ शीघ्र आयोजित करायी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों के सेवांत–लाभ के मामलों का भी त्वरित निष्पादन हर हालत में सुनिश्चित कराया जाना चाहिए।

प्रधान सचिव ने कहा कि कॉलेजों में 'बायोमैट्रिक हाजिरी' की व्यवस्था कारगर रूप में अनिवार्यतः बहाल कराई जानी चाहिए तथा इसमें लापरवाही बरतने वाले कॉलेजों और विश्वविद्यालयीय विभागों को चिह्नित कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए।

बैठक में नवस्थापित –पूर्णिया विश्वविद्यालय, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय तथा मुंगेर विश्वविद्यालयों के लिए कार्य–बल की व्यवस्था, नव–पदसृजन, गेस्ट फेकेल्टी की नियुक्ति आदि विषयों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। इन विश्वविद्यालयों में आधारभूत–संरचना–विकास पर भी विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में यह कहा गया कि विश्वविद्यालयों की Website के Updation के कार्य को भी शीघ्रता से पूरा किया जाना चाहिए। 'होमपेज' पर सारी सूचनाओं को अद्यतन संधारित करने के भी निदेश बैठक में दिए गये।

बैठक में विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में 'हर परिसर –हरा परिसर' कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण की भी समीक्षा की गई। साथ ही इस संबंध में अद्यतन प्रतिवेदन उपलब्ध नहीं कराये जाने पर अप्रसन्नता व्यक्त की गई एवं सभी कुलसचिवों को शीघ्र अद्यतन प्रतिवेदन भेजने को कहा गया।

....